# राजस्व पर्षद, बिहार, पटना

सं0सं0-02/परी0-01(राज0)-09/2019-902 (अ३७)

प्रेषक,

संजीव कुमार
विशेष कार्य पदाधिकारी,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

सेवा में,

**Sridhar Mantry,**
**Manager-Assessment,**
**M/S Silicon Techlab Private Limited,**
**Unit:402, 4th floor DLF Cyber City,**
**Chandaka Industrial Estate- Patia,**
**Bhubaneswar, Odisha- 751024, India.**

पटना दिनांकः- 22-07-2022

विषयः- राजस्व पर्षद, बिहार, पटना द्वारा आयोजित होनेवाली ऑनलाईन विभागीय परीक्षा के प्रवेश-पत्र में आवश्यक संशोधन के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार राजस्व पर्षद में आयोजित होनेवाली ऑनलाईन विभागीय परीक्षा में पूर्व से निर्गत प्रवेश-पत्र में अंकित निदेशों में परिवर्त्तन किया गया है। पत्र निर्गत की तिथि के बाद सभी प्रवेश-पत्र संशोधित प्रपत्र में निर्गत किया जाना सुनिश्चित की जाये। संशोधित प्रवेश-पत्र प्रारूप इस पत्र के साथ संलग्न है।

अनुलग्नक :- यथोक्त्।

विश्वासभाजन
22.07.22
विशेष कार्य पदाधिकारी,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।
22/07/22

# प्रस्तावित संशोधित प्रवेश पत्र का प्रारूप

# केंद्रीय परीक्षा समिति, बिहार

## Admit Card / प्रवेश पत्र

1. Roll Number / रोल नं: XXXXXXXXXXXX
2. Name / नाम: XXXXXXXXXXXXXX XXXXXXXXXXXXXX XXXXXXXXXXXXXX
3. Date of Birth / जन्म तिथि : XX-XX-XXXX
4. Category / कोटि: XXXXXXXX
5. Service / सेवा का नाम: XXXXXXX

Photo

| Subject /विषय | Date / तिथि: | Time / समय: |
|---|---|---|
| XXXXXXXXXX | XX-XX-XXXX | XX:XX:XX-XX:XX:XX |

उपर्युक्त परीक्षा के लिए परीक्षार्थी द्वारा निम्नलिखित अनुदेशों का पालन करना अनिवार्य हैः–

| क्र. स. | परीक्षा के दौरान क्या करना है। | क्र. स. | परीक्षा के दौरान क्या नहीं करना है। |
|---|---|---|---|
| 1 | परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से कम से एक 01 घंटे पहले उपस्थित रहें ताकि पहचान संबंधी औपचारिकताएँ पूर्ण की जा सके।<br>परीक्षार्थियों के द्वारा परीक्षा कक्ष में साथ में ले जाने वाले अनुमान्य पुस्तक/पुस्तकों के कवर के बाद वाले पृष्ठ पर दाहिने कोने में प्रवेश पत्र में अंकित नाम के अनुरूप पूरा नाम व अनुक्रमांक अंकित किया जाना अनिवार्य है। | 1 | परीक्षा हॉल में मोबाइल/कैल्कुलेटर, Bluetooth एवं अन्य किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण रखना एवं इनका उपयोग वर्जित है। |
| 2 | परीक्षा से संबंधित Code हेतु निर्गत प्रवेश–पत्र की **Hard Copy (Printed Copy)** एवं आधार कार्ड की मूल प्रति एवं सेवा परिचय पत्र **(Service Identity Card)** मूल रूप में अवश्य लाएँ। | 2 | (क) परीक्षा कक्ष में परीक्षा के विषय से संबंधित व्याख्या एवं टिप्पणी रहित अधिनियम/नियम के पुस्तकों को छोड़कर किसी भी प्रकार का हाथ से लिखे चिट–पूर्जा, प्रिंट आउट, प्रश्न अधिकोष, गाइड एवं लैपटॉप का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।<br>(ख) परीक्षा कक्ष में प्रयोग में लायी जाने वाली पुस्तकों में प्रश्नों को पेन से चिन्हित एवं अध्यायों को ध्वजांकित कर लाना पूर्णतः वर्जित है। |
| 3 | जब तक राज्य में कोरोना संक्रमण का प्रभाव हैं तब तक परीक्षार्थी N-95/Surgical Mask, Face Shield, Sanitizer एवं पारदर्शी (Transparent) पानी का बोतल अपने साथ अवश्य लाएँ। | 3 | किसी भी दूसरे परीक्षार्थी से बात–चीत, शोर–गुल अथवा किसी भी प्रकार की सामग्री का आदान–प्रदान नहीं करना है। |
| 4 | राजस्व पर्षद के कोरोना गाईडलाइन का पालन नहीं करने पर परीक्षार्थी का परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। | 4 | परीक्षा कक्ष में चाय, नास्ता, मादक पदार्थो का सेवन इत्यादि नहीं करना है। |
| | | 5 | परीक्षा कक्ष में प्रवेश के बाद परीक्षा समाप्त किये बिना एवं वीक्षक के अनुमति के बिना किसी भी शर्त पर बाहर नहीं जाना है। यदि कोई परीक्षार्थी किसी कारणवश परीक्षा कक्ष से बाहर जाता हैं तो उसे पुनः परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। |

Exam Centre / परीक्षा केंद्र: **Board of Revenue, Bihar (Old Secretariat, Patna - 800015)**

कामेश्वर प्रसाद

अवर सचिव,
केन्द्रीय परीक्षा समिति, बिहार।